उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 30.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 30.07.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **स्कूली छात्राओं, महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**





महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 30.07.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खरेला एवं महिला रिपोर्टिंग चौकी चरखारी की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।







## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्रीय समस्याओं के सम्बन्ध में मासिक विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया...।

आज दिनांक- 30.07.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ समायिक विषयों पर परिचिर्चा हेतु मासिक विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया; जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून-व्यवस्था, क्षेत्रीय समस्याओं एवं पुलिसिंग में अपेक्षित सुधार आदि विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श कर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

इस गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सम्मानित मा0 सांसद/विधायक एवं उनके जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर जनहित में प्राप्त सुझावों से जनपद की क्षेत्रीय समस्याओं के निस्तारण हेतु पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने में सहायता प्राप्त करना है, साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण पहलुओं पर पुलिस के दृष्टिकोण से अवगत कराने तथा विचारों के परस्पर आदान-प्रदान से एक-दूसरे को समझने में सहायक होगी ।

इस दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष श्री मोहनलाल कुशवाहा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जेपी अनुरागी जी, श्री उदित राजपूत (विधायक प्रतिनिधि चरखारी), श्री रोहित शर्मा (विधायक प्रतिनिधि सदर), सांसद प्रतिनिधि श्री प्रेम विश्वकर्मा जी सहित अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर श्री दीपक दुबे मौजूद रहे।



## थाना अजनर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## वाछित अभियुक्त चोरी की कार व 01 किलो 40 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, मादक पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना अजनर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**घटना/पूछताछ का विवरण:-**

आज दिनांक 30.07.2025 को प्रभारी निरीक्षक सत्यपाल सिंह द्वारा गठित टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 167/25 धारा 281/125ए/125बी बी0एन0एस0 व 177/184 एमवी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त श्रवण कुमार उर्फ जियालाल धोबी पुत्र कारेलाल, उम्र लगभग 42 वर्ष, निवासी ग्राम पतारा, थाना कुरारा, जनपद हमीरपुर को पुरवा पनवाड़ी मोड़, ग्राम पुरवा पनवाड़ी, थाना अजनर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने वाहन के चोरी का होना स्वीकार किया, जिस पर मु0अ0सं0 167/25 में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई तथा बरामद मादक पदार्थ के संबंध में मु0अ0सं0 168/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा० न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

**गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से:**

- एक चोरी की चार पहिया गाड़ी नं .UP78BS  9996I10)
- (नाजायज) ग्राम सूखा गांजा 40 किलो 01
- अद 02द मोबाइल फोन
- ₹720 नगद बरामद किए गए।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम:-**

1.प्र0नि0 श्री सत्यपाल सिंह, थाना अजनर
2.व0उ0नि0 कन्हैयालाल, थाना अजनर
3.उ0नि0 आकाश मौर्य, थाना अजनर
4.का0 सौरभ सिंह, थाना अजनर

